तेरे नाम से हो सुबह

तेरे नाम से हो सुबह तेरे नाम से मेरी शाम हो
मेरे जीवन का हर एक पल सांवरे के नाम हो
तेरे नाम से हो सुबह................

जिस दिन से इस मन मंदिर में तुमने डीप जलाया है
तबसे छाया सब सुख मन में पावन हो गई काय है
जब तक तन में सांस रहे होंठो इ तेरा नाम हो
मेरे जीवन का हर एक पल सांवरे के नाम हो
तेरे नाम से हो सुबह................

श्याम धनि मेरे खाटू वाले तुझमें मन खो जाए
तेरे मंदिर का दर्शन करूँ मैं जनम सफल हो जाए
मन करता है रातो दिन चरणों में ही विश्राम हो
मेरे जीवन का हर एक पल सांवरे के नाम हो
तेरे नाम से हो सुबह................

भक्तों के सर पर मेरे बाबा हर दम तेरा हाथ हो
छूटे चाहे ये जग सारा तेरा हमेशा साथ हो
खाटू वाले के चरणों में प्रीतम का प्रणाम हो
मेरे जीवन का हर एक पल सांवरे के नाम हो
तेरे नाम से हो सुबह................

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19800/title/tere-naam-se-ho-subha

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |